卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 343 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦21 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## फैक्ट्री में विस्फोट, 15 घायल

### देर रात हुई घटना से मचा हड़कम्प, कई श्रमिक गंभीर

हरिद्वार (उद ब्यूरो)।रुड़की के पास नारसन क्षेत्र के मुंडियाकी स्थित स्टील के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार मंगलौर कोतवाली 12:30 बजे फैक्ट्री में एक तेज धमाका हुआ। इसके बाद फैक्ट्री कर्मियों में





फैक्टरी में विस्फोट होने से 15 श्रमिक गंभीर घायल रूप से झुलस गए। घायल श्रमिकों को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर क्षेत्र के मुंडियाकी गांव में स्थित गायत्री स्टील्स फैक्ट्री में सरिया आदि बनाने का कार्य किया जाता है। बुधवार रात करीब अफरातफरी मच गई। धमाके के बाद फैक्ट्री के एक हिस्से में आग लग गयी। धमाके के दौरान (शेष पृष्ठ सात पर)

## किच्छा में अतिक्रमण पर फिर गरजी जेसीबी

किच्छा(उद संवाददाता)। लोक निर्माण विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेश पर ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उप जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, नायब तहसीलदार सुरेश बुढलाकोटी और पुलिस प्रशासन के अलावा लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हल्द्वानी रोड पर पुनः किए गए अतिक्रमण के अलावा एक धार्मिक स्थल की लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आ रही दीवार को ध्वस्त कर दिया तथा एक दर्जन से ज्यादा झुग्गी झोपड़ियां को भी हटाया गया अतिक्रमण की। यह कार्रवाई नगला तक चिन्हित लोक निर्माण विभाग की भूमि पर व अन्य सरकारी भूमि पर की जानी है। समाचार लिखे जाने तक धार्मिक स्थल की दीवार को तोड़ने का कार्य जारी था। प्रशासन का बुलडोजर नगर क्षेत्र अंतर्गत पुनः बरसने से अतिक्रमण कारियो में हड़कम्प मचा है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन का पीला पंजा रेलवे स्टेशन से लेकर बाईपास स्थित काली मंदिर तक (शेष पृष्ठ सात पर)



## मध्यप्रदेश और राजस्थान में खूब चल रहा सीएम धामी का जलवा

### उत्तराखण्ड ही नही बल्कि प्रदेश के बाहर भी मुख्यमंत्री धामी के लोग मुरीद

देहरादून(उद ब्यूरो)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जादू उत्तराखण्ड ही नही बल्कि प्रदेश के बाहर भी लोगों के सिर चढ़ कर बोल रहा है। मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे श्री धामी को वहां की जनता ने हाथो हाथ लिया और जगह जगह ऐसा भव्य स्वागत किया कि श्री धामी गदगद हो गये। श्री धामी मध्यप्रदेश और राजस्थान मे जिस भी विधानसभा क्षेत्र में जा रहे थे, उधर ही कारवां नजर आने लगता था। सैकड़ों की नही बल्कि हजारों लाखों की संख्या में भीड़ उमड़ आ रही थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री का मध्यप्रदेश और राजस्थान की जनता के बीच धामी का ऐसा जलवा देख देवभूमि के लोग भी काफी उत्साहित है। उत्तराखण्ड से बाहर भी धामी के फैसलों और उनके सख्त कदमों की हर कोई तारीफ करता नजर आया। श्री धामी ने रोड शो और जनसभाओं के दौरान उनके द्वारा उत्तराखण्ड में उठाये गये ऐतिहासिक कदमों को भी जनता के सामने रखा गया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हम उत्तराखंड में जल्द समान नागरिक आचार संहिता को लागू करने जा रहे हैं। जिसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है और दावे से कह सकता हूं कि मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद यहां भी समान (शेष पृष्ठ सात पर)









## ट्रेन की चपेट में आकर हाथी की मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर स्थित तराई पश्चिमी वन विभाग के अंतर्गत ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में एक टस्कर हाथी की ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने हाथी के शव को कब्जे में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में तराई पश्चिमी वन प्रभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार धौलाखंडी ने बताया कि आमपोखरा रेंज के अंतर्गत हिम्मतपुर क्षेत्र में यह हाथी का शव मिला है। उन्होंने बताया कि हाथी के शव का पशु चिकित्सकों की देखरेख में पोस्टमार्टम करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रथम दृष्टया हाथी की मौत ट्रेन की चपेट में आने से प्रतीत होती है लेकिन फिर भी मामले की जांच की जा रही है इसके बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## महिलाओं को सशक्त बना रही सरकार: गणेश जोशी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को रतन सिंह प्रेक्षागृह, कॉलेज ऑफ वेटनेरी, पंतनगर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय महिला आयोग एवं ग्राम्य विकास के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित "महिला किसान और महिला दैनिक मजदूरो के पलायन" से संबंधित संगोष्ठी के कार्यक्रम के प्रतिभाग कर संगोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। एक दिवसीय संगोष्ठी में महिला किसान/ महिला दैनिक मजदूरो के पलायन से संबंधित बिंदुओ पर चर्चा की गई। इस दौरान कई वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा राज्य के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम रही है और समाज में मातृ शक्ति का अहम योगदान है। मंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा केंद्र सरकार मातृ शक्ति की कितना चिंता करती है यह इस बात का संकेत है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा चाहे दिल्ली की केंद्र सरकार हो या राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार लगातार महिलाओं के कल्याण के लिए काम कर रहे। उन्होंने कहा पीएम मोदी ने देश की कमान संभालते ही कहा था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उन्होंने कहा आज बेटियां फाइटर प्लेन चला रही है। हर क्षेत्र में बेटी आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा बेटियों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा आज कैंप के माध्यम (शेष पृष्ठ सात पर)





## सरकारी अस्पताल की बदहाली पर फूटा गुस्सा

रामनगर(उद संवाददाता)। सरकारी अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं के खिलाफ लोगों का आक्रोश फूट गया। उन्होंने अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार के साथ ही स्थानीय विधायक के खिलाफ भी नारेबाजी कर रोष व्यक्त किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में आयोजित इस धरना प्रदर्शन में पंचायत एवं नगर पालिका के प्रतिनिधियों के साथ ही आम जनता ने भी पूरी तरह सहभागिता जताते हुए रामनगर अस्पताल के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। बता दें रामनगर के इस अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के मकसद से प्रदेश सरकार द्वारा कुछ वर्ष पूर्व अस्पताल को पीपीपी मोड पर दिया गया था लेकिन जब से यह अस्पताल पीपीपी मोड पर गया है तब से यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। जनता को उपचार न देकर उन्हें रेफर किया जा रहा है या कई मासूम व गरीब लोग उपचार के अभाव में अपनी जान गवा रहे हैं। पूर्व (शेष पृष्ठ सात पर)



## जमाकर्ताओं की डूबी रकम लौटाने को प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जमाकर्ताओं की डूबी हुई रकम वापस दिलाने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय तप जप परिवार संगठन के बैनरतले दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंप कर अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून 2019 के तहत जमाकर्ताओं की डूबी हुई रकम को वापस दिलाने की मांग पुरजोर की। ज्ञापन में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार ने देश के प्रत्येक ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की ठग कंपनीज एवं सोसाइटीज में डूब चुकी रकम को दो से तीन गुणा 180 दिन में वापस करने के लिए बड्स एक्ट 2019 को अधिसूचित किया है और भुगतान अधिकारी के रूप में जिला अधिकारी को नियुक्त किया है। लेकिन उक्त कानून लागू होने के बाद भी इसका पालन नहीं हो रहा है और पीड़ितों की डूबी हुई रकम वापस नहीं नहीं हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ठगी पीड़ितों को न्याय दिलाने के (शेष पृष्ठ सात पर)



# अतिक्रमण करके बनाये धार्मिक स्थलों को हटाने के लिये कोई पृथक शासनादेश नहीं

## उत्तराखंड की सरकारी सम्पत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने व रखने के लिये विस्तृत नीति लागू

काशीपुर (उद संवाददाता)। धार्मिक स्थलों को तोड़े जाने के सम्बन्ध में चाहे कितनी भी बयानबाजी व राजनीति हो रही हो लेकिन अतिक्रमण कर बनाये गये मात्र धार्मिक स्थलों को हटाये जाने के सम्बन्ध में कोई शासनादेश जारी नहीं किया गया है जबकि शासनादेश सं0 124569 से उत्तराखंड की सभी सरकारी सम्पत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने व रखने के लिये विस्तृत नीति लागू की गयी है। इसके अनुसार अतिक्रमण के लिये प्रभारी अधिकारी जिम्मेदार होंगे। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी से अतिक्रमण व धार्मिक स्थलों को हटाये जाने के सम्बन्ध में जारी शासनादेश व आदेशों की सूचना मांगी थी। इनके उत्तर में राजस्व विभाग से सूचना मांगने को निर्देशित करने पर राजस्व विभाग के लोक सूचना अधिकारी से सूचना मांगी। राजस्व विभाग के लोक सूचना अधिकारी/अनुभाग अधिकारी नीता बिष्ट ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को हटाये जाने के सम्बन्ध में राजस्व विभाग द्वारा शासनादेश संख्या 1/124569/2023 दिनांक 24 मई 2023 निर्गत किया गया है। किन्तु सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गये मात्र धार्मिक स्थलों को हटाये जाने के सम्बन्ध में पृथक से राजस्व विभाग द्वारा कोई शासनादेश निर्गत नहीं किया गया है। श्री नदीम को उपलब्ध शासनदेश सं0 124569 के अनुसार राज्य के विभिन्न विभागों की भूमि/परिसम्पत्तियों के अतिक्रमण को तत्काल रोके जाने एवं हटाये जाने तथा भविष्य में न होने के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये हैं। शासनादेश के अनुसार समस्त सरकारी विभागों/अर्द्ध सरकारी/स्वायत शासी संस्थाओ, निगम परिषद स्थानीय निकायों (नगर/ग्रामीण) आदि के द्वारा विभागीय स्तर पर अथवा भूमि/भवन के स्वामित्व सम्बन्धी राजस्व/स्थानीय निकायों के स्तर पर संरक्षित अभिलेखों के आधारों पर अपने स्वामित्व/प्रबंधन में अंकित भूमि/भवन की आधार परिसम्पत्ति पंजिका 01 माह में तैयार/अपडेट कर ली जायेगी। विभाग/संस्थाओं के प्रमुख द्वारा अपने जनपद स्तरीय अधिकारियों से सभी सम्पत्तियों के परिसम्पत्ति पंजिका में सम्मलित करने व न छूटी होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा। उक्त परिसम्पत्ति पंजिका के आधार पर मौके की वास्तविक स्थिति का सत्यापन भौतिक स्थलीय निरीक्षण कराया जायेगा तथा सेटेलाइट/ड्रोन वीडियो आदि द्वारा भिन्न तैयार किया जायेगा और परिसम्पत्ति पंजिका को डिजिटल रूप में तैयार कराते हुये इसे परिसम्पत्ति पोर्टल पर जी. आई.एस. फैसिंग के साथ डाला जायेगा। डिजिटल पंजिका तैयार हो जाने के उपरान्त सम्बन्धित विभाग/संस्था के प्रमुख द्वारा प्रत्येक सम्पत्ति के भविष्य में उचित रखरखाव/संरक्षण हेतु क्षेत्रवार प्रभारी अधिकारी नामित किये जायेंगे जो उन्हें आवंटित सम्पत्तियों के सुप्रबन्धन एवं संरक्षण के साथ-साथ उन पर संभावित अतिक्रमण/अनधिकृत कब्जे की संभावना पर अंकुश लगाने हेतु पूर्णतः उत्तरदायी होंगे। प्रभारी अधिकारियों का नामांकन एवं उन्हें दायित्व आवंटन भूखंडों/परिसम्पत्तियों के सम्बन्ध में यूनिक नम्बर आदि विवरण के साथ तथा मार्ग एवं सिंचाई गूल/नहर आदि की दशा में किमी/मीटर चौनेज के अनुसार किया जायेगा। नामित अधिकारी द्वारा मासिक आधार पर परिसम्पत्तियों की मौके पर स्थिति का स्थलीय निरीक्षण तथा सेटेलाईट/ड्रेन/वीडियो आदि प्राप्त करके सत्यापन किया जायेगा व पोर्टल पर अपडेट किया जायेगा। अतिक्रमण हटाने के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही का विवरण एवं उसके चित्र फोटो/वीडियो मासिक आधार पर एक्शन रिपोर्ट के रूप मे पोर्टल पर डाला जायेगा।विभाग/संस्था के प्रमुख द्वारा मासिक आधार पर यह मूल्यांकन किया जायेगा कि परिसम्पत्तियों पर नवीन अवैध अतिक्रमण/अनाधिकृत कब्जा तो नहीं हुआ है यदि पाया जाता है तो सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करने की कार्यवाही सक्षम प्राधिकारियों द्वारा यथा नियम की जायेगी। शासनादेश में सरकारी/सार्वजनिक परिसम्पत्तियों के प्रबंधन कार्य के प्रभावी पर्यवेक्षण समन्वय एवं अनुश्रवण के लिये 3 समितियों/प्रकोष्ठ के गठन का भी प्रावधान किया गया है। इसमें जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय सरकारी/सार्वजनिक परिसम्पत्ति प्रबंधन समिति, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय प्रकोष्ठ तथा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति शामिल है।

# कार्बेट पार्क में अब तीन गुना तक महंगे रेटो पर पर्यटकों को करना होगा भ्रमण

रामनगर(उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट नेशनल पार्क में भ्रमण करना अब पर्यटकों के लिए तीन गुना तक महंगा होने जा रहा है। इसमें दैनिक भ्रमण में तीन गुना जबकि रात्रि विश्राम में डेढ़ से दो गुना की बढ़ोतरी हुई है। बता दें कि हर वर्ष कॉर्बेट पार्क में देश विदेश से लाखों पर्यटक कॉर्बेट पार्क के वनों और वन्यजीवों के दीदार के लिए पहुंचते है। वहीं कॉर्बेट पार्क आने वाले पर्यटक पार्क



के अलग अलग जोनों में रात्रि विश्राम के साथ ही डे विजिट सफारी का भी लुफ्त उठाते है। पहले कॉर्बेट में डे विजिट सफारी के लिए पर्यटकों को 950 रुपए का शुल्क ऑनलाइन जमा करना पड़ता था। जिसे बढ़ाकर अब तीन हजार रुपये कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉर्बेट पार्क के डिप्टी डायरेक्टर दीगांत नायक ने बताया कि 2009 से कॉर्बेट में बुकिंग की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की गई थी।तब से भ्रमण शुल्क को बढ़ाया नहीं गया था। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा शुल्क को बढ़ाने का शासनादेश कॉर्बेट प्रशासन को मिला है। जिसमें तीन गुना तक भ्रमण शुल्क व रात्रि विश्राम शुल्क को भी डेढ़ गुना से दो गुना तक बढ़ाया गया है।

# कलयुगी पुत्र ने पिता को पीटा

काशीपुर(उद संवाददाता)। कलयुगी पुत्र ने पत्नी के साथ मिलकर पिता से गाली गलौज करते हुए मारपीट कर उन्हें घर से बाहर निकालने का प्रयास किया। विरोध करने पर भुक्तभोगी को दंपति ने जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस में तहरीर के आधार पर आरोपी दंपति के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला महेशपुर हनुमान मंदिर की समीप निवासी सरफराज पुत्र शमसुद्दीन ने बताया कि बीते 19 सितंबर की सुबह लगभग 9:30 बजे जब वह घर में मौजूद था इसी दौरान उसका पुत्र इरशाद गाली गलौज करते हुए कमरे में आ गया और कहने लगा कि घर छोड़कर भाग जाओ। लाचार पिता ने जब यह कहा कि मकान उसका है वह नहीं जाएगा तो कलयुगी पुत्र ने गाली गलौज करते हुए पिता का सामान कमरे से बाहर फेंकना शुरू कर दिया। विरोध करने पर इरशाद तथा उसकी पत्नी रुखसाना ने आपस में एक राय होकर बुरी तरह मार पिटाई करते हुए एक हाथ तोड़ दिया। सोच रहा वह होने पर मोहल्ले वालों की जमघट लग गई। इस दौरान आरोपी दंपति ने वृद्ध के 6000 रुपए जबरदस्ती छीन लिया और मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बेटे और बहू की गलत हरकतों के कारण उन्हें उसने अपनी संपत्ति से बेदखल कर रखा है।

# अस्पतालों में बढ़ने लगे कान में फंगल इंफेक्शन के मरीज

काशीपुर। मौसम के बदलते मिजाज से कान में फंगल के मरीज बढ़ने लगे हैं। रोजाना ऐसे 25 फीसदी मरीज सरकारी अस्पताल की ओर रुख कर रहे हैं। एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय बुखार के मरीजों से भरा हुआ है। साथ ही कान में फंगल की समस्या वाले रोगियों की संख्या भी बढ़ने लगी हैं। ईएनटी विभाग में रोज करीब 20-25 मरीज कान में खुजली समेत कई समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। ।ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. प्रियांक चौहान ने बताया कि कान में फंगल के मरीज बढ़ रहे हैं। कान में खुजली होना, कान का बहना, कान में भारीपन महसूस होना, सुनने में कठिनाई होना, कान में दर्द होना आदि समस्या होने पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। बिना डॉक्टर की सलाह के स्वयं एंटीबायोटिक दवाई का प्रयोग नहीं करना चाहिए। काशीपुर के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. प्रियांक चौहान के अनुसार कान की बाहरी त्वचा लाल होना, कान में सूजन व दर्द, कान में सीटी बजना, सफेद, पीले, हरे रंग का लिक्विड निकलना, कान बंद हो जाना, खुजली होना आदि कान में फंगल इंफेक्शन के लक्षण हो सकते हैं। यह समस्या शुगर रोगियों, बच्चों और तैराकों को अधिक होने का खतरा रहता है। इससे बचने के लिए तकिया सुखाकर लगाए, कान में पानी नहीं जाने दे।

# युवा पर्वतारोही रोहित भट्ट ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में रोहित भट्ट ने भेंट की। श्री भट्ट टिहरी गढ़वाल के युवा पर्वतारोही हैं। वे विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटियों में शामिल तीसरी व अफ्रीका की सबसे ऊँची चोटी माउंट किलिमंजारो पर इस वर्ष जनवरी में 361 फिट का



राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर रिकॉर्ड बनाने वाले पहले पर्वतारोही बने हैं। उन्होंने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर 101 फीट लंबा तिरंगा फहराकर भी विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने बताया की अक्टूबर में दक्षिणी अमेरिका की चोटी आरोहण के लिए चयन हुआ है। राज्यपाल ने युवा पर्वतारोही रोहित भट्ट को युवाओं का प्रेरणास्त्रोत बताते हुए अफ्रीका और यूरोप की सबसे ऊँची चोटियों को फतह करने और वहां राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये उन्हें बधाई दी।

# जीजीआईसी में स्वास्थ्य व जल संरक्षण पर बनाए पोस्टर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोटे अनाज का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होता है। यह बात ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के डीपीओ मोहित सक्सेना ने राजकीय बालिका इंटर कालेज फाजलपुर महरोला में पोषण माह ष्माय प्लेट माय न्यूट्रिशनष के उपलक्ष में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं को पोषण के प्रति जागरूक करते हुए कही। पोषण माह मिशन के अंतर्गत 1 से 30 सितंबर तक मनाये जा रहे पोषण माह के अंतर्गत विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने पोषण अभियान मोटे अनाज और स्वास्थ्य, जल संरक्षण आदि विषय पर पोस्टर बनाएं। वहीं ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के डीपीओ मोहित सक्सेना ने छात्राओं को पोषण का महत्व बताते हुए कुपोषण दूर करने के लिए विभिन्न प्रकार के मोटे अनाज का सेवन करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हमारे स्थानीय मोटे अनाज में पर्याप्त मात्रा




में पोषक तत्व होते हैं। इनके सेवन से एनीमिया और कुपोषण से लड़ा जा सकता है। जंक फूड और बाहर के खाने से बचना चाहिए। सुप्रिया पाठक ने विद्यालय की सभी छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्राओं में एनीमिया की कमी होने के कारण, लक्षण व उसे कैसे पहचान व बच सकते हैं। उसके बारे में छात्राओं को पूरी जानकारी दी। प्रोटीन युक्त चीजें जैसे दाल मूंग, मसूर दाल मेथी, तिल और धनिया जैसे बीज एनीमिया के रोगियों के लिए काफी सहायक होते हैं। ये आयरन और महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। एनिमिया की समस्या में अनार, आंवला, संतरा, अंजीर, सेब जैसे फलों और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पार्वती देवी ने ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए कहा कि समय-समय पर आकर विद्यालय की छात्राओं को लाभप्रद जानकारी दी जाती है व कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिससे छात्राओं का मनोबल और बढ़ता है। लड़कियों को साफ सफाई के बारे में बताया जाता है खानपान के सही तरीके बताए जाते हैं और अनुशासन में भी महत्वपूर्ण योगदान ब्रिटानिया द्वारा दिया जाता है।ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन से सुनीता गोस्वामी, पूनम शर्मा, श्वेता सेथिया, दीपा नयाल व अनुज सिंह उपस्थित रहे।

# भाजयुमो ने फूंका विधायक मदन बिष्ट का पुतला

गदरपुर(उद संवाददाता)।भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी के नेतृत्व में द्वाराहाट विधायक मदन बिष्ट का पुतला दहन करते हुए कॉग्रेस के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना सहित अन्य भाजपाई भी इस मौके ओर उपस्थित रहे।पुतला दहन के दौरान भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी ने कांग्रेस विधायक के द्वारा किये गए अभद्र व्यवहार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।उन्होंने कहा भाजपा के प्रति युवा बढ़चढ़ कर समर्थन कर रहा है जिस से कांग्रेस की विधायक बौखला गए है जिस से वह इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक के साथ गाली गलौज व अभद्र व्यवहार करने लगे ।विधायक मदन सिंह बिष्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वो देर रात कुमाऊं इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक के आवास पर पहुंचकर बदसलूकी और गाली गलौज कर रहे हैं.भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष मुनि भुसरी ने निदेशक द्वारा दी गई तहरीर पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, महामंत्री अनिल जेटली,सन्दीप बत्रा, विजय सिडाना, पंकज सेतिया, हरीश रहलन, जसबीर चीमा,हैप्पी चंद्रा, कुनाल कालड़ा, सतीश सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के वार्ड 16 में आयोजित गणेश महोत्सव में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल का बप्पा भक्तों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष जिंदल ने गणपति बप्पा की आरती कर बप्पा का आशिर्वाद लिया और प्रदेश एवं देश के लोगों की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, नगर अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोरा, पूर्व नगर अध्यक्ष विवेक राय का आयोजन कर्ताओं द्वारा शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। जिसके बाद पंडित राजेश शर्मा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर सभी मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान श्री गणेश की आरती की कर भगवान गणेश का आशिर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष जिंदल ने कहा कि आज पूरे देश की महिलाओं के लिए गर्व का दिन है । भारतीय संसद में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी मिल गई है, कहा कि इस दिन पर मेरा सौभाग्य है की मुझे व मेरे पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को गणपति भगवान का आशिर्वाद मिला है, मैं प्रदेश एवं देश के लोगों की खुशहाली की कामना करता हूं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सभासद अरुण तनेजा, अभिषेक सक्सेना, अशोक कुमार सिंह, विशाल शर्मा, अवनीत श्रीवास्तव, सुनील यादव, रोहित कुमार, अमन सिंह, ओमवीर गंगवार, रिंकू सिंह, अनिल कुमार, जयवीर सिंह, राधे श्याम गुप्ता समेत तमाम बप्पा भक्त मौजूद रहे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# मीडिया क्लब गदरपुर के मुकेश पाल अध्यक्ष राकेश अरोरा महामंत्री और शाहनूर अली कोषाध्यक्ष बने

## कार्यकारिणी सदस्यों व पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया

गदरपुर(उद संवाददाता)। पत्रकारों को संगठित करने के उद्देश्य से पत्रकारों ने मीडिया क्लब गदरपुर के नाम से संगठन बनाया जिसकी कार्यकारिणी का गठन बुधवार को शहर के निजी रेस्टोरेंट में किया गया जिसमें आपसी सहमति से अध्यक्ष मुकेश पाल, महामंत्री राकेश अरोरा,कोषाध्यक्ष शाहनूर अली को चुना गया।बता दें कि पिछले लगभग दो माह से गदरपुर के पत्रकारों में चल रही खींचतान के बाद कुछ पत्रकारों ने संगठित होकर गदरपुर में मीडिया क्लब गदरपुर के नाम से एक संगठन बनने पर विचार विमर्श किया और उसकी नवीन कार्यकरणी का गठन भी किया जिसमें सर्व सहमति से मुकेश पाल को अध्यक्ष, राकेश अरोरा को महामंत्री और शाहनूर अली को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके बाद तीनों पदाधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई वहीं मीडिया क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष मुकेश पाल ने बताया कि उन्हें एक अहम जिम्मेदारी सभी साथियों ने सौंपी है जिसका वह निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी पत्रकार का समर्थन बेकार नहीं जाएगा वक्त के साथ अपने को बदलना है पत्रकार हित के लिए कुछ ऐसा करना है कि अगली पीढ़ी उन्हें उनके काम से जाने और सम्मान दें पत्रकारिता के पिलर को मजबूती देनी है ऐसा कोई काम नहीं करना है जिससे मीडिया क्लब और पत्रकारिता को धब्बा लगे किसी को सताना नहीं है, बल्कि बचाना है पत्रकार सत्य का प्रहरी होता है सत्य की रक्षा के लिए मोमबत्ती सा जलना पड़ेगा और इसकी रक्षा के लिए अडिग रहना है यह पत्रकार का धर्म है। ऐसा कर सके तो मीडिया क्लब गदरपुर की गरिमा बढ़ेगी और अब परिवर्तन दिखना चाहिए। मुकेश पाल ने बताया कि मीडिया क्लब पत्रकारों का मंदिर की तरह होना चाहिए इसे ऐसा ही बनाना है संकल्प है ।मीडिया क्लब की नवीन कार्यकारिणी के गठन को लेकर दिनेशपुर के वरिष्ठ पत्रकार काजल राय का कहना है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि जिस उद्देश्य के साथ मीडिया क्लब का गठन किया गया है नवीन कार्यकारिणी उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा करेगी उन्होंने मीडिया क्लब के सभी साथियों को बधाई भी दी।इस दौरान विकास तनेजा, दुलाल चक्रवती,काजल राय, देवदु राय, प्रकाश अधिकारी, बृज किशोर मंडल,राहुल विश्वाश, विभूति मंडल, एल बी राय, मृत्युंजय सरकार नैनी बडौ, केशव, रिजवान अख्तर, गौरव बत्रा, जुल्फिकार अली,किशन गुप्ता,नितिन छाबड़ा, शिवम छाबड़ा,अमित अरोरा, ठाकुर रामपाल सिंह, राजकुमार शर्मा रिंकू, सचिन,उमर अली, निशांत सिंघल, विपुल प्रजापति,आदि पत्रकार मौजूद रहे।





## 16 सालों से पत्रकारिता कर रहे मुकेश पाल को निविरोंध चुना गया अध्यक्ष

गदरपुर। पिछले लगभग 16 सालों से उत्तरांचल दर्पण में बतौर संवाददाता अपनी सेवा दे रहे मुकेश पाल को गदरपुर के पत्रकार साथियों ने अपना प्यार देते हुए निर्विरोध मीडिया क्लब का अध्यक्ष चुना है । मुकेश पाल के अध्यक्ष बनने की खबर लोगों को पता चलते ही राजनीतिक, समाजसेवी वह अन्य संगठनों के लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुकेश पाल को सैकड़ो शुभकामनाओं के संदेश भी भेजें। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिये हमेशा तत्पर रहेंगे।

# श्री गणेश महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा सिंधी चौराहा होली ग्राउंड की पवित्र भूमि में आयोजित समृद्धि उत्सव श्री गणेश महोत्सव मे दूसरे दिन पूर्ण विधि विधान से श्री गणेश भगवान जी की पूजा प्रात: कालीन मंत्र उच्चारण के साथ प्रारंभ हुई। पूजा में मुख्य यजमान संरक्षक गणेश प्रसाद साहू, अध्यक्ष प्रेम मदान, महामंत्री अजय कृष्ण गोयल, कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद, सह संस्थापक राजकुमार केसरवानी,संरक्षक सुरेश वार्ष्णेय, पवन गुप्ता, राम गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष विजय गुप्ता, मुख्य कार्यक्रम संयोजक हिमांशु वार्ष्णेय, संगठन मंत्री पंकज अग्रवाल, मंजू वाष्णेय, ममता साहू सहित अनेक यजमान उपस्थित थे। पूजा पंडित मधुसूदन शास्त्री जी ने पूर्ण विधि विधान से संपन्न कराई। शाम 6 बजे से कलाकारों एवं नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में अतिथि मुकेश पाल एवं हल्द्वानी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अधिकारी, महामंत्री संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, सहसचिव भारती राठौर ने कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान गणेश जी का आशीर्वाद लिया। वहीं देश व उत्तराखंड पुलिस का मान बढ़ाने के लिए वर्ल्ड पुलिस गेम्स 2023 में पावर लिफ्टिंग खेल प्रतियोगिता में भारत के लिए दो रजत पदक प्राप्त करने पर मुकेश पाल को संस्था द्वारा बधाई संदेश देते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, विधायक प्रतिनिधि जीवन सिंह कार्की, कैलाश जोशी, नीरज प्रभात गर्ग, पार्षद मुकेश ढींगरा, दीपक पाठक, अमरजीत सिंह चड्ढा, गोविंद बगड़वाल, दलजीत सिंह दल्ली, राजीव जायसवाल, प्रदीप साबरवाल, विपिन चंद पांडे, आदि सभी अतिथियों को देवभूमि सामाजिक मंच के पदाधिकारी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंगल जीना, गोकुल चंद केसरवानी, चंद्र प्रकाश केसरवानी, मनीष पाल, मनोज गुप्ता,सोनू जीना, यश केसरवानी, रेनू केसरवानी, अनीता आनंद, कुसुम गोयल, निधि गोयल, आदि अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे। 9:30 बजे महा आरती कर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।





HB SPECIALTY HOSPITAL
कमर व जोड़ दर्द कैंप
अमेरिका से प्रशिक्षित रिजनरेटिव मेडिसिन स्पेशलिस्ट
डॉ. नाथन कैट्स
Dr. Nathan Katz
Regenerative Medicine Specialist
22-23 सितम्बर 2023
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें - +91 9634100888 hbansal@drhbf.org
पता . काशीपुर रोड, भूरारानी मोड़ के पास, रुद्रपुर

## गांधी कालोनी में ठुकराल ने किया गणेश महोत्सव का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड 27 गांधी कॉलोनी में श्री वैष्णो माता मंदिर सेवा समिति द्वारा गणेश महोत्सव पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुँच कर दीप प्रज्वलित कर गणेश महोत्सव का शुभारंभ करते हुए श्री गणेश वंदना में भाग लिया एवं पूजा अर्चना की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश प्रतिमा के समक्ष शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शान्ति की कामना की पूर्व विधायक ठुकराल



ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्री गणेश जी की आराधना से सभी विघ्नों का नाश होता है उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल सहित श्री गणेश महोत्सव पर सभी भक्तों ने गणेश जी की पूजा पूजा अर्चना की। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से चारों को सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ और भक्तजन भक्तिरस में झूमते गाते नजर आए। इस दौरान बंटी कोली, सौरभ शर्मा, प्रदीप वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, सुधीर देवल, सतीश देवल, अरविंद वर्मा, श्याम श्रीवास्तव, राजकुमार देवल, हरीश कुमार देवल, अभिनव देवल, सत्य प्रकाश, मनोज वर्मा, मोहित देवल, शौर्य देवल, रिंकू चौहान, लक्ष्मण, अक्षत देवल, शारदा देवी, संतोष देवल, कविता वर्मा, अर्चना वर्मा, सपना देओल, करुणा देवल, रानी देवल, भानु देवल, शीतल वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# वैश्य कुमार सभा की कार्यकारिणी का गठन

हरिद्वार(उद संवाददाता)।पंचपुरी की सबसे पुरानी कनखल वैश्य समाज की प्रतिष्ठित संस्था वैश्य कुमार सभा के अध्यक्ष पद पर गगन गुप्ता 'मुन्नू' अध्यक्ष, प्रदीप गुप्ता महासचिव और नमित गोयल कोषाध्यक्ष चुने गए। कल देर शाम सभा के नव निर्वाचित सदस्यों और निवर्तमान सेवक मंडल संयुक्त बैठक में संरक्षक मंडल की मौजूदगी में नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इससे पहले सभा के संरक्षकों ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। पिछले दिनों सम्पन्न हुए त्रिवार्षिक चुनाव में सेवक मंडल के लिए 16 सदस्यों का चुनाव किया गया था। कल देर शाम नव निर्वाचित सदस्यों को सभा के संरक्षक चुनाव अधिकारी पराग गुप्ता और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभा के नवनिर्वाचित सेवक मंडल और निवर्तमान सेवक मंडल की एक संयुक्त बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता चुनाव संयोजक रहे मुकेश मोदी ने की। सदस्यों को शपथ दिलाई जाने के बाद सभा के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। गगन गुप्ता मुन्नू को अध्यक्ष,प्रदीप गुप्ता महामंत्री, कोषाध्यक्ष नमित गोयल, उप प्रधान रचित अग्रवाल, प्रबंध मंत्री अजय गोयल, प्रचार मंत्री अक्षय गोयल, मंत्री ऋषभ गोयल, सम्पदा मंत्री संजीव अग्रवाल, भंडार मंत्री आशीष बंसल,ऑडिटर समीर गुप्ता को चुना गया. सेवक मंडल की कार्यकारिणी सदस्यों मे शैलेश अग्रवाल, योगेश आर्य, संजय गुप्ता संजू,, इशांत सिंघल, दीपक बंसल, प्रतीक गुप्ता शामिल है। सभा संरक्षक प्रदीप चौधरी और अरविन्द अग्रवाल सहित संरक्षक मण्डल ने नव निर्वाचित सेवक मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई देते हुए वैश्य समाज को एकजुट और मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में सभा संरक्षकगण प्रदीप चौधरी, उमेश गोयल, पराग गुप्ता,अरविंद अग्रवाल, मुकेश गोयल, निश्चल गुप्ता,अवनीश गोयल, सहित सुनील अग्रवाल, भगवत अग्रवाल, दीपक मणि गुप्ता, अजय गर्ग, गौरव गुप्ता चुन्नू, निवर्तमान सदस्य संजय आर्य, लव गुप्ता, मयंक गर्ग, प्रदीप गर्ग, अश्वनी अग्रवाल, संदीप गुप्ता, अंकित गोयल, संजय गोयल, विजय गुप्ता, अंकित गुप्ता, अचिन अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, उमेश गुप्ता, विशाल गुप्ता, संचित गुप्ता, सुनील मोदी, मनीष बंसल, नर्बदेश्वर गुप्ता, जीतेन्द्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, प्रत्यक्ष गोयल, गौरव सिंघल, रजनीश गोयल आदि लोग मौजूद थे।



## राजनैतिक द्वेष भावना के चलते जान को खतरा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भदईपुरा वार्ड नं. 16 निवासी शिशुपाल यादव ने ग्रह सचिव को पत्र लिखकर सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगायी है। पत्र में शिशुपाल यादव ने कहा कि वह मेडिकल लाईन से जुड़ा हुआ है और दो बार चुनाव भी लड़ चुका है। कुछ लोग उसके परिवार के साथ राजनैतिक द्वेष भावना के चलते रंजिश रखते हैं। जिससे उसे और उसके परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। असामाजिक तत्वों का संरक्षण प्राप्त करके कुछ लोग लगातार उनका पीछा करके हत्या करने का प्रयास कर रहे हैं। शिशुपाल यादव ने अपनी और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगायी है।

# रूद्रपुर में राधा स्वामी सत्संग 2 से 5 अक्टूबर को

## तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने बुलाई बैठक, देश विदेश के लगभग 3 लाख से अधिक सेवादार तथा श्रद्धालु शामिल होंगे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।राधा स्वामी सत्संग व्यास में 2 से 5 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विधायक शिव अरोरा, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एसपी सिटी मनोज कत्याल द्वारा प्रतिभाग किया गया।बैठक में विधायक शिव अरोरा ने बताया कि 2 से 5 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में देश-विदेश के लगभग 3 लाख से अधिक सेवादार तथा श्रद्धालु शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति श्रद्धालु पूरी आस्था व अनुशासन के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजिन हेतु जिला स्तर पर की जाने वाली महत्वपूर्ण तैयारियां समय से पूरी करने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नेशनल हाईवे पर



सफाई तथा बिजली व्यवस्था के साथ ही डिवाइडर्स पर पेंटिंग कराने के निर्देश एनएचएआई के अभियंताओं को दिये। उन्होंने सत्संग व्यास तथा शहर की सफाई व्यवस्था, आवारा कुत्तों को पकड़ने एवं उनका वैक्शीनेशन कराने, क्षेत्र में फोगिंग कराने, निगम की स्ट्रीट लाईटें सही कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये। उन्होंने सुचारू रूप से पेयजल की आपूर्ति तथा 6 पेयजल टैंक की व्यवस्था करने के निर्देश जल संस्थान के अधिकारियों को दिये। उन्होंने पेयजल आपूर्ति हेतु नगर पालिका किच्छा, गदरपुर, नगर निगम रूद्रपुर के साथ समन्वय से कार्य करने के निर्देश भी जल संस्थान के अभियंताओं को दिये। उन्होंने सम्बन्धित क्षेत्रों की सड़कों को प्राथमिकता से सही कराने के निर्देश लोनिवि के अभियंताओं को दिये। उन्होंने राधा स्वामी सत्संग व्यास से ट्रांन्सफार्मर शिफ्ट करने तथा कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के निर्देश यूपीसीएल के अभियंताओं को दिये। उन्होंने निर्बाध आपूर्ति हेतु एमडी यूपीसीएल से पत्राचार करने के भी निर्देश यूपीसीएल के अभियंताओं को दिये। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान तीन एम्बुलेंस की व्यवस्था मय डॉक्टर्स, तत्कालिक आवश्यक दवाईयों सहित करने करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने फूड सेफ्टी हेतु कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तैनाती करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने शहर तथा राधा स्वामी सत्संग व्यास के पास लगे फायर हाईड्रेण्ड का दो दिन के भीतर परीक्षण कर, रिपोर्ट एसएसपी कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश जल संस्थान तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि सभी तैयारियों 27 सितम्बर तक पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने कहा कि चल रही तैयारियों का शीघ्र ही स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा। बैठक में एसएसपी मन्जूनाथ टीसी ने सुरक्षात्मक दृष्टि से विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।विधायक शिव अरोरा, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एसपी सिटी मनोज कत्याल, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल सहित भारत भूषण चुघ, हरीश मुंजाल, सुरेन्द्र सिंह, अशोक छाबड़ा, तुषार गुप्ता, उमेश, सत्संग व्यास से जुड़े प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम नई क्रांति की शुरूआत: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा में पारित होने पर विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में महिला मोर्चा द्वारा ट्रांजिट कैम्प वार्ड नं 2 में मिष्ठान वितरण कर ऐतिहासिक कदम पर केंद्र की मोदी सरकार का धन्यवाद करते हुए खुशी जाहिर की। विधायक ने कहा कि आजाद भारत में महिला सशक्तिकरण की और केंद्र की मोदी सरकार का महिलाओं को मुख्य धारा में बड़ी संख्या में लाने पर यह ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और भारतीय जनता पार्टी का महिलाओं के प्रति सम्मान की ओर यह महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने कहा कि लोकसभा विधानसभा में महिलाओं के लिये 33% आरक्षण लागू होना देश मे एक नई क्रांति शुरुआत है, यह प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है हालाकि देश के राष्ट्रपति पद वित्त मंत्री पद महिला बाल विकास के महत्वपूर्ण पद पर वर्तमान में महिला ही प्रतिनिधित्व कर रही है यह हम सभी



के लिये गौरव की बात है, विधायक शिव अरोरा ने कहा यह महिलाओं के लिये एक नई युग शुरुआत है अब देश मे गाँव गरीब छोटे क्षेत्रो से भी महिलाएं आगे निकल कर आयेगी ओर लोकसभा विधानसभा में प्रतिनिधित्व करेगी। वही भाजपा जिला कमल जिंदल ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल लोकसभा पास होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया और साथ ही सभी महिलाओं को इस ऐतिहासिक क्षण पर बधाई दी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष शालनी बोरा, पार्षद रजनी रावत, चन्द्रकला राय, स्वाति शर्मा, श्वेता मिश्रा, प्रति धीर, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, महि सकलानी, जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, जगसोर मालिक, आदेश भरद्वाज, अनिता, विनीता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# विजडम के दो छात्रों ने किया नाम रोशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शांन्तिकुंज हरिद्वार में आयोजित प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गंगापुर रोड स्थित विजडम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रदेश स्तरीय खेलकूद कुश्ती प्रतियोगिता शांन्तिकुंज हरिद्वार में अपने-अपने भार वर्ग में कक्षा-11 के छात्र अभिषेक ढाली और कक्षा-9 कृषराज ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्रात्त किया। विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल और प्रधानाचार्य श्री प्रदीप सिंह रौतेला ने विद्यालय के सभी खेलकूद प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने



वाले होनहार बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दीं। खेलकूद प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल ने व्यायाम शिक्षक महेन्द्र कुमार के प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। स्वागत सम्मान कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में नरेन्द्र सिंह रावत, देव कुमार मण्डल, श्रीमती साक्षी मिश्रा, श्रीमती टीना राय, श्रीमती मंजू नेगी, आयुष दत्त, श्रीमती प्रेमलता सिंह, श्रीमती गीता अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# महिला आरक्षण बिल पास होने पर किया मिष्ठान वितरित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संसद में महिला आरक्षण बिल पास होने पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में भाजपाईयों ने गंगापुर रोड दक्ष चौक पर जश्न मनाते हुए मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान तिरंगा भी लहराया गया । भाजपाईयों ने महिला बिल पेश होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण बिल पेश करके मोदी सरकार ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद विधानसभा की 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इसके अलावा लोकसभा में भी महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा। विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ऐतिहासिक कदम है जो राजनीति में



महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा और उनकी आवाज बुलंद हो सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से देश की संसद और विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। पिछले लंबे समय से महिला आरक्षण बिल लंबित था अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। महिला आरक्षण बिल पास हो जाने के बाद अब उत्तराखंड में पांच लोकसभा सीटों में से दो महिलाओं पर महिलाओं को टिकट दिए जाएंगे और 70 विधानसभा सीटों में से 23 महिला विधायक होगी जिससे उत्तराखंड में भी महिलाएं राजनीतिक तौर पर मजबूत होगी। विकास शर्मा ने कहा कि तीन तलाक कानून के बाद सरकार ने एक बार फिर महिलाओं के लिए क्रांतिकारी कदम उठाया है। इस बिल के बाद महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा। महिलाओं को उनका अधिकार मिल सकेगा। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा होगी। इस अवसर पर इस अवसर पर स्वाति शर्मा, शालिनी बोरा, माही सकलानी, रश्मि रस्तौगी, दीपा राय, चन्द्रकला राय आदि समेत कई लोग मोजूद थे।

# महिला आरक्षण बिल पास होने पर जताया हर्ष

किच्छा(उद संवाददाता)। नारी शक्ति वंदन महिला आरक्षण बिल संसद में पास होने पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने पूर्व



विधायक राजेश शुक्ला के साथ मिलकर दीनदयाल चौक पर मिष्ठान वितरित कर खुशी जाहिर की एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के ध्येय को सार्थक करते हुए नए संसद भवन के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल पास करना दर्शाता है कि अब तक महिलाएं दूसरों के रहमों करम पर अपने अधिकार तक पहुंच पाती थी लेकिन अब महिलाएं आरक्षण के माध्यम से हर उस जगह पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी जहां की वह हकदार होंगी। महिलाओं को मिले इस अधिकार से देश के विभिन्न पदों पर महिलाएं भी अपना परचम लहराएंगे। अब दबे कुचले वर्ग की महिलाएं आरक्षण के दम पर अपने व्यक्तित्व को निखारने का मौका मिलेगा। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा विमला मुंडेला ने संसद मे महिला आरक्षण बिल सर्व सहमति से पास होने पर सभी दलों का आभार व्यक्त किया। मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ महिला नेत्री पूनम अग्रवाल, लता सिंह, मीरा तिवारी, दया दसीला, अंजू देवी, शैली फुटेला, बलकेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष आरती दुबे, ज्योति जड़िया, संगीता शर्मा, बलकेश चौधरी, माधुरी, मधु गुप्ता, करूना तिवारी, सुनीता गंगवार, जश्मीरी देवी, पार्वती देवी, अनीता देवी, मीना शर्मा, अंजनी सोनी, विमल गंगवार , प्रेमा राठौर उपस्थित थे।

# कोषागार कर्मिचारियों को दी जेम पोर्टल की जानकारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जेम पोर्टल पर सामग्रियों एवं सेवाओं की अधिप्राप्ति हेतु विकास भवन सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार खरीद-फरोखत प्रक्रिया में पारदर्शिता हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खरीद-फरोख्त प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से खरीददारी की जाये। जिसमें लगभग 300 सेवाओं को



जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल से खरीद हेतु किसी भी प्रकार की कठिनाई के निस्तारण हेतु कोषागार में हैल्प डेस्क की व्यवस्था की जाये। उन्होंनें निर्देशित करते हुए कहा कि नियमानुसार खरीद प्रक्रिया होगी तो किसी भी शिकायत पर परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को नियमानुसार ही खरीद प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये। कार्यशाला में कोषाधिकारी जुबक मोहन सक्सैना तथा मास्टर ट्रेनर द्वारा जेम पोर्टल की खूबियां, पोर्टल पर विभागीय अधिकारियों तथा वेण्डर द्वारा रजिस्ट्रेशन, सेवा प्रदाता तथा आउट सोर्स एजेंसियों का चयन, बिल भुगतान, जनरल फाईनेन्सियल रूल्स आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी तथा वेण्डर आदि उपस्थित थे।

# श्री अन्न 'मिलेट' महोत्सव का हल्द्वानी में शुभारभं करेंगे केंद्रीय मंत्री अमित शाह

## कृषि मंत्री गणेश जोशी ने ली तैयारियों को लेकर बैठक

रुद्रपुर/पंतनगर(उद संवाददाता)। सूबे के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आगामी 7 व 8 अक्टूबर को हल्द्वानी में आयोजित होने वाले श्री अन्न महोत्सव की तैयारियों के संबंध में बुद्धवार को जीबी पंत यूनिवर्सिटी के नाहेप सभागार में अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। श्री विभाग के अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि आगामी 07-08 अक्टूबर को हल्द्वानी में श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमे श्रीअन्न महोत्सव के पहले दिन गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स घोषित किया है। मंत्री ने कहा उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार मिलेट्स के प्रोत्साहन और विपणन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य का दूसरा श्रीअन्न महोत्सव अक्टूबर माह में हल्द्वानी में आयोजित किया जा रहा हैं।



जोशी ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि 7 और 8 अक्तूबर को हल्द्वानी में श्री अन्न महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अन्न महोत्सव में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित क्षेत्र के प्रतिनिधियों को दिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जीबी पंत कृषि एवम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कृषि तथा सहकारिता मिलट्स प्रदेशों के कृषि मंत्री कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा पहला मिलेट्स महोत्सव देहरादून में आयोजित किया गया था। जिसमें केन्द्रीय कृषि मंत्री सहित कई राज्यों के मंत्रि गणों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष यानी कृषि मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में उत्तराखण्ड के मोटे अनाज (मिलेट) से सम्बन्धित उत्पादों की प्रदर्शनी, उत्तराखण्ड के प्रमुख समूहों की ओर से मिलेट उत्पाद व अन्य उत्पादों का प्रदर्शन, स्टार्टअप के द्वारा उत्पादों का प्रर्दशन, प्रदेश के प्रमुख होटलों द्वारा फूड फेस्टिवल एंव प्रदेश के प्रमुख लोक- कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की झांकिया रहेंगी। श्री अन्न महोत्सव में मिलेट से संबंधित स्टॉल लगाये जायेंगे। महोत्सव में बड़ी संख्या में कृषक शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त महोत्सव में तकनीकी सत्र इन्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च द्वारा प्रस्तुतिकरण एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के छात्र छात्राएं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मंत्री गणेश जोशी ने कहा इस महोत्सव में उत्तराखंड में मिलेट्स की संभावनाओं पर मंथन और विचार विमर्श किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट किसानों भी सम्मानित भी किया जाएगा।उन्होंने कहा इस महोत्सव का उद्देश्य मोटे अनाज की फसलों के स्वास्थ्य बेनीफिट और जगरूकता को लेकर प्रचार प्रसार करना है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि निश्चित ही इस पहल के माध्यम से सकारात्मक परिणाम आएंगे और किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी। बैठक में विधायक शिव अरोरा, डीएम उदयराज सिंह, सीडीओ विशाल मिश्रा, वीसी एमएस चौहान, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, डॉ.शैलेंद्र मोहन सिंघल, डॉ.प्रेम सिंह राणा, सुरेश भट्ट, बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखिजा, कमल जिंदल के अलावा राजेश कुमार, विवेक सक्सैना, अमित नारंग आदि उपस्थित थे।

# एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को दी विदाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का रंगारंग कार्यक्रम के साथ विदाई समारोह आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी पन्त ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की



तैयारी के टिप्स दिए तथा उन्हें पूर्ण मनोयोग से अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित होने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा साक्षी खेड़ा ने किया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी, प्रोफेसर रवीन्द्र सैनी, डॉ. राजेश कुमार सिंह तथा डॉ. अंचलेश कुमार ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थी दिव्यांशी यादव, रितु मण्डल, तमन्ना, रिंकी विश्वास, ओजस्विता, हरप्रीत, सादिका, निर्मला, विशाल, शिवम, शुभम, नेहा आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।




# गणेश महोत्सव में स्कूली बच्चों ने मचाया धमाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल चौक पर श्री गणेश उत्सव आयोजन समिति की ओर से आयोजित श्री गणेश महोत्सव के दूसरे दिन भी देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। दूसरे दिन विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व पंडित भैरव दत्त शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना करायी। यजमान की भूमिका संजय मित्तल ने निभाई। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने गणेश जी की पूजा अर्चना में भाग लिया ओर सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बनवासी छात्रावास, नुपूर डांस एकेडमी, मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल, ऑक्सफोर्ड एकेडमी, मॉम्स प्राईड स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। इस दौरान आये हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रूबी सिंघल, तेगू बघेल, छाया बघेल, अनूप जोशी, मनोज सक्सेना, अमित शुक्ला, नीरज स्याल, मिहंद हेडेकर, शंकू सिंघल, विधि सिंघल, बी के नगरकोटी, सीपी शर्मा, दीपक सोनी, श्रीकर सोनी, उत्तम सिंह जंतवाल, राजेश मिश्रा, अनशुमान कुशवाह, दिनेश जोशी, नितिन, हिमांशु



शुक्ला, मयंक, मनीषा, सर्दन, दिनेश आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।









# एलायंस कालोनी में गूंजे भजन व देश भक्ति के गीत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एकल अभियान संभाग उत्तराखंड एकल श्री हरि वनवासी विकास ट्रस्ट द्वारा विगत दिवस भारत के रंग एकल के संग कार्यक्रम में प्रतिभागी एकल सुरताल टीम द्वारा गत रात्रि एलायंस कालोनी में स्थित श्री दिव्य शक्ति मंदिर में एलायंस रेजिडेंसीयल वेलफेयर सोसायटी तथा श्री दिव्य शक्ति मंदिर महिला समिति के सौजन्य से श्री सुंदरकांड पाठ किया गया इस दौरान टीम के कलाकारों द्वारा गए भजनों तथा देश भक्ति गीतों मेरा रंग दे बसंती चोला, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा, हर करम अपना करेंगे ऐ वतन तेरे लिए आदि से पूरी कालोनी गुंजायमान हो गई। वाद्य यंत्रों के साथ कई सुंदर भजन सुनकर भक्तजन भक्ति में मग्न होकर नाचने लगे। वहीं सुंदरकांड पाठ का भी सभी ने श्रवण किया। मध्य रात्रि तक चले इस धार्मिक आयोजन के समापन पर आरती के पश्चात भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों द्वारा एकल सुरताल टीम के सभी कलाकारों अनिल सिंह बिहार, करूणा ठाकुर जम्मू, सुमित्रा ककोडिया मध्यप्रदेश, वैष्णवी मलिक उड़ीसा, परमजीत कौर पंजाब, सेमलता ठाकुर हिमाचल प्रदेश, रिंकी ठाकुर हिमाचल प्रदेश, तरलोक सिंह पंजाब, नितेश कुमार



झारखंड, विकास मगर महाराष्ट्र, तेजनाथ महतो झारखंड, उदय प्रताप उत्तर प्रदेश, अनिल कालिंदी झारखंड की प्रस्तुति की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री स्नेहपाल सिंह, भारत भूषण चुघ,विधायक शिव अरोरा , कुशल अग्रवाल, विनय बत्रा, अंजुल त्यागी, शैली बंसल,, राजकुमार मुंजाल अध्यक्ष, सुखवीर सिंह, विनय सक्सेना, रमेश गंगवार, रमेश गुप्ता, गुरदीप गाबा, योगेश सेठी, प्रदीप तिवारी, अशोक सरना, राजकुमार चौधरी, मनीष गगनेजा, राजेश डाबर, सतनाम चोपड़ा, राकेश नागपाल, शक्ति बटला, जोगेंद्र सिंह, सतीश खुग्गर, शशि गुप्त, एमपी तिवारी श्रीमति वीना गगनेजा, श्रीमति कृष्णा खुराना, श्रीमति कमला सिंह, श्रीमति ऋतु डाबर, श्रीमति मीनू श्रीवास्तव एवं अन्य महिला भक्त सहित कालोनी के सैकडों लोग मौजूद थे।

# गणेश महोत्सव में भारतीय संस्कृति के बिखरे रंग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महासभा द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत रामलीला ग्राउंड में गणेश जी की आरती से हुई तथा प्रसाद वितरण किया गया। शाम के कार्यक्रम की शुरुआत प्रवचनों से हुई। उसके पश्चात कथक नृत्य केंद्र, कलांजलि म्यूजिक डांस ग्रुप आदि विभिन्न संस्थाओं के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि फैयाज



अहमद वानी डीजीएम भारतीय स्टेट बैंक, पवन सिंघल, ओम प्रकाश साहू, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, नरेश वार्ष्णेय, रूपेंद्र नगर को महासभा के अध्यक्ष आलोक शारदा एवं महामंत्री भवानी शंकर नीरज ने पटका पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष देवेंद्र केसरवानी, विनीत अग्रवाल, निशुल अग्रवाल, सुचित्रा जायसवाल, रमेश केसरवानी, सीमा देवल, अतुल जायसवाल, यश गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# कनाडा में खालिस्थानी चरमपंथ

खालिस्तानी चरमपंथ के मसले पर भारत और कनाडा के संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। भारत ने परामर्श जारी कर अपने नागरिकों को कनाडा के कुछ क्षेत्रों में यात्रा करने से बचने और अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। दरअसल, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बीते सोमवार को संसद के आपातकालीन सत्र में चरमपंथी खालिस्तानी टाइगर फोर्स के प्रमुख रहे हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजंटों का हाथ होने का आरोप लगाया और एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया।मामले को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाते हुए उन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और फ्रांस के समक्ष भी यह मुद्दा उठाया। सिर्फ आशंका के आधार पर कनाडा के इस कदम पर भारत का एतराज स्वाभाविक है। यही वजह है कि भारत ने भी कनाडा के शीर्ष राजनयिक को निष्कासित कर पांच दिन में देश छोड़ने का फरमान सुना कर एक कड़ा संदेश दिया है।गौरतलब है कि भारत चरमपंथी तत्त्वों पर नरमी को लेकर कनाडा को कई बार चेतावनी दे चुका है, लेकिन उसका रवैया नहीं बदला। कनाडा में बैठे खालिस्तान समर्थक तत्त्व लगातार भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते रहे हैं और वहां की सरकार उनके प्रति यह कहकर नरम रुख अख्तियार करती रही है कि वह हर नागरिक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करेगी।नतीजतन, आज वहां दर्जन भर से ज्यादा खालिस्तान समर्थक और भारत विरोधी संगठन सक्रिय हैं। निज्जर ऐसे ही एक संगठन में प्रमुख हैसियत रखता था, जो पंजाब को भारत से अलग स्वतंत्र खालिस्तान बनाने की मांग को लेकर कनाडा समेत कई देशों में जनमत संग्रह कराता है। गौरतलब है कि हरदीप सिंह निज्जर की बीते जून माह में कनाडा के सरे शहर में दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। इसके बाद वहां न केवल भारतीय राजनयिकों, भारतवंशियों पर हमले तेज हुए, बल्कि मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई। कनाडा सरकार इन घटनाओं पर न केवल चुप्पी साधे रही, बल्कि उसने भारत की शिकायत पर इसे अभिव्यक्ति की आजादी बताकर परोक्ष रूप से खालिस्तानी तत्त्वों को खुली छूट ही दी। भारत लंबे अरसे से इन घटनाओं और कनाडा सरकार के रवैए पर सख्त रुख अपनाने से बचता आ रहा था, लेकिन हाल ही में संपन्न जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान दिल्ली से खरी-खरी सुनने के बाद स्वदेश लौटे ट्रूडो ने जैसे ही अक्तूबर में प्रस्तावित एक व्यापार समझौते को रद्द करने का एलान किया तो भारत ने भी मुक्त व्यापार समझौते को लेकर कनाडा के साथ चल रही बातचीत रोक कर कड़ा संदेश दिया। जाहिर है, कनाडा में यह मामला सीधे राजनीति से जुड़ा है। सिख फार जस्टिस जैसे संगठन ट्रूडो की लिबरल पार्टी को समर्थन देते हैं। ट्रूडो के मंत्रिमंडल में भी कई खालिस्तान समर्थक मंत्री हैं। यही वजह है कि ट्रूडो भारत की मांग को अनसुना करते आ रहे हैं। कनाडा में लगभग सोलह लाख भारतवंशी रहते हैं। दोनों देशों के कारोबारी-सामरिक रिश्ते आमतौर पर सौहार्दपूर्ण रहे हैं, लेकिन खालिस्तानी चरमपंथ के उभार और कनाडाई राजनीतिक नेतृत्व से उन्हें मिली शह के कारण अब ये संबंध खटास की गहरी खाई की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। कनाडा भारत का दसवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार भी है, लेकिन यह साझेदारी अपनी संप्रभुता, स्वतंत्रता एवं आंतरिक सुरक्षा की कीमत पर जारी नहीं रखी जा सकती। कनाडा को यह समझने की जरूरत है कि खालिस्तान समर्थक चरमपंथ की वजह से भारत में कैसी जटिलताएं खड़ी हो रही हैं और यह मसला उसके लिए कितना संवेदनशील है।

# महिला आरक्षण : नारी शक्ति का अभिनंदन

भारतीय परंपरा में किसी नए भवन में स्त्री का प्रवेश शुभ माना जाता है। इसी दृष्टिकोण के चलते संसद के नए भवन में पहला पग महिलाओं के सम्मान में उठा है। केंद्र सरकार ने गणेश चतुर्थी के दिन इस शुभ पहल को करके देश की आधी आबादी का अभिनंदन किया है। लोकसभा में 27 साल से लंबित 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' नाम से महिला आरक्षण संबंधी विधेयक पेश कर दिया। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत हो जाएगी। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। इन सीटों पर महिला प्रत्याशी ही चुनाव लड़ सकेंगी। फिलहाल इस आरक्षण की सुविधा 15 वर्ष के लिए होगी, लेकिन मांग के अनुसार इसे बढ़ाया भी जा सकता है। इसी साल पांच राज्य विधानसभाओं के अलावा मई 2024 में लोकसभा के चुनाव भी होने हैं। इसलिए नारी सशक्तिकरण के इस उपाय को महिला मतदाताओं के ध्रुवीकरण के साधन के रूप में भी देखा जा रहा है। देश में इस समय करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं। हालांकि यह विधेयक दोनों सदनों से पारित हो भी जाता है तब भी इसे नई जनगणना और नए परिसीमन के बाद 2026 से लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसलिए कालांतर में होने वाले चुनावों में इसे अमल में तो नहीं लाया जा सकेगा, लेकिन भाजपा के लिए महिला मतदाताओं को आकर्षित करने का काम यह विधेयक अवश्य कर जाएगा। इसके कानून बनते ही ऐसे कई दोहरे चरित्र के चेहरे हाशिये पर चले जाएंगे, जो पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, गाहे-बगाहे बीते 27 साल से गतिरोध पैदा किए हुए थे। महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रारूप संयुक्त मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान गीता मुखर्जी ने तैयार किया था। लेकिन अक्सर इस विधेयक को लोकसभा सत्र के दौरान अंतिम दिनों में पटल पर रखा गया। इससे यह संदेह हमेशा बना रहा कि एचडी देवगौड़ा, इन्द्रकुमार गुजराल और अटलबिहारी वाजपेयी सरकारें गठबंधन के दबाव और राजनीतिक असहमतियों के चलते ठोस इच्छा शक्ति नहीं जता पाई थीं। हालांकि 9 मार्च 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने जरूर इस विधेयक को राज्यसभा में पेश कर पास करा लिया था, लेकिन मनमोहन सिंह इसे लोकसभा से पारित नहीं करा पाए थे। जबकि उनके पास लोकसभा में स्पष्ट बहुमत था। इस सरकार को अपने ही सहयोगी दलों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। सहयोगी गठबंधन के सांसदों ने पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, इस विधेयक को अटका दिया था। यहां तक की समर्थक दलों ने कांग्रेस को समर्थन वापसी की धमकी भी दे दी थी। हालांकि प्रजातंत्र में तार्किक असहमतियां, संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों को मजबूत करने का काम करती हैं, लेकिन असहमतियां जब मुट्ठीभर सांसदों की अतार्किक हठधर्मिता का पर्याय बन जाएं तो ये संसद की गरिमा और सदन की शक्ति को ठेंगा दिखाने वाली साबित होती हैं। उस समय विधेयक से असहमत दलों की प्रमुख मांग थी, '33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधान मंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए।' जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को लाभ कैसे संभव है ? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है ? आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की सरकारों ने सच्चर व रंगनाथ मिश्र आयोग की सिफारिशों को आधार मानते हुए मुसलमान व ईसाईयों को नौकरियों में धर्म आधारित आरक्षण की व्यवस्था की थी, लेकिन न्यायालयों ने इन्हें संविधान-विरोधी फैसला जताकर खारिज कर दिया था। दरअसल इस कानून के वजूद में आ जाने के बाद अस्तित्व का संकट उन काडरविहीन दलों को है, जो व्यक्ति और जाति आधारित दल हैं। इसी कारण लालू, मुलायम और शरद यादव इस बिल के विरोध में दृढ़ता से खड़े हो गए थे। उत्तर प्रदेश और बिहार में जातियता के बूते क्रियाशील इन यादवों की तिकड़ी का दावा रहता है कि इस अलोकतांत्रिक विधेयक के पास होने के बाद पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के लिए जम्हूरियत के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। जबकि इनकी वास्तविक चिंता यह नहीं है ? दरअसल 33 फीसदी आरक्षण के बाद बाहुबलि बने पिछड़े वर्ग के आलाकमानों का लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक आधार तो सिमटेगा ही, सदनों में संख्याबल की दृष्टि से भी इन दलों की ताकत घट जाएगी। अन्यथा ये सियासी दल वाकई उदार और पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के ईमानदारी से हिमायती हैं, तो सभी आरक्षित सीटों पर इन्हीं वर्गों से जुड़ी महिलाओं को उम्मीदवार बना सकते हैं ? बल्कि अनारक्षित सीटों का भी इन्हें प्रतिनिधित्व सौंप सकते हैं ? दरअसल इन कुटिल राजनीतिज्ञों के दिखाने और खाने दांत अलग-अलग हैं। गोया तय है कि अल्पसंख्यकों की बेहतर नुमाइंदगी की वकालात के इनके दावे थोथे हैं। इन दलों का दोहरा चरित्र इस बात से भी जाहिर होता रहा है कि जब देश की पंचायती राज्य व्यवस्था में महिलाओं का 33 फीसदी से 50 फीसदी आरक्षण बढ़ाने का विधेयक लाया गया था तब ये सभी दल एक राय थे। यही नहीं जब नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण का विधेयक लाया गया था, तब भी इन दलों की सहमति बनी रही। लेकिन जब लोकसभा व विधानसभा की बारी आती है तो यही दल गतिरोध पैदा करने लग जाते हैं। क्योंकि यह विधेयक कानूनी स्वरूप ले लेता है तो इनके निजी राजनैतिक हित प्रभावित होंगे। इनका लोकसभा और विधानसभा में पुरूषवादी वर्चस्व का दायरा 33 फीसदी घट जाएगा। राजनेताओं के लिए यह विधेयक इसलिए भी वजूद का संकट है, क्योंकि जिन लोक व विधानसभा क्षेत्रों से ये लोग लगातार विजयश्री हासिल करते चले आ रहे हैं, वह क्षेत्र यदि महिला आरक्षण के दायरे में आ गया तो इन्हें चुनाव लड़ना भी मुश्किल हो जाएगा ? तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी ने भी मुस्लिम समुदाय को बरगलाए रखने के नजरिये से इस विधेयक का विरोध किया था। भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे नेता भी इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं, जिनके लिए सांसद अथवा विधायक के रूप में लोकसेवक बने रहना, सुरक्षा कवच का काम करता है। हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी। अथवा स्त्रीजन्य विषमताएं व भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। फिलहाल लोकसभा में 82 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी 15 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 29 महिला सांसद हैं, जो मात्र 12 प्रतिशत है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल 9 फीसदी है। हालांकि असमानता के ये हालत पंचायती राज लागू होने और उसमें महिलाओं की 33 और फिर 50 फीसदी आरक्षण सुविधा मिलने के बावजूद कायम हैं। लेकिन लोकसभा व विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं की उपस्थिति इसलिए जरूरी है, जिससे वे कारगर हस्तक्षेप कर महिला की गरिमा तो कायम करें ही देश में जो पुरुष की तुलना में स्त्री का अनुपात गड़बड़ा रहा है, उसको भी समान बनाने के उपाय तलाशें ? साथ ही महिला संबंधी नीतियों को अधिक उदार व समावेशी बनाने की दृष्टि से उनकी रचनात्मक प्रतिबद्धता भी दिखाई दे। इस विधेयक के प्रारूप में तत्काल आरक्षण का प्रावधान नहीं है। गोया, विधेयक पारित हो जाने के बावजूद 2026 से 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा देश की आधी आबादी को प्राप्त होगी।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# हजारों की नगदी समेत सट्टेबाज को दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी में लिप्त एक आरोपी को हजारों की नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। दूसरा सट्टेबाज मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक मुखविनर की सूचना पर ट्रांजिट कैम्प पुलिस टीम ने शमशान घाट रोड पर दबिश दी तो वहां दो युवक कुछ लोगों को सट्टा खिला रहे थे। पुलिस ने मौके से ओमेन्द्र गंगवार पुत्र छेदा लाल, हाल निवासी आजादनगर ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी शेरगढ़ बरेली को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 4950 की नगदी समेत सट्टा पर्ची, पेन और डायरी आदि बरामद की गयी। पकड़े गये सटोरिये का साथी सुधीश गुप्ता पुत्र राम भरोसे गुप्ता निवासी आजादनगर मूल निवासी मिलक रामपुर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पकड़े गये आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि दोनों उत्तर प्रदेश से सट्टा लगाने के लिए यहाँ आये हैं। पहले राजू सट्टा लगवाता था अब दोनों खुद ही नम्बरो पर सट्टा खिला रहे है । उनके मोबाइल पर काल कर या व्हट्स एप के माध्यम से नंबर बताया जाता है जब पैसा इकठ्ठा हो जाता है तो वह पैसा जमा कर आगे भेज देते है। आरोपी ने बताया कि उनके द्वारा दो तरह का सट्टा खिलाया जाता है फरीदाबाद व गाजियाबाद का सट्टा। इसमे जो नम्बर पर कोई भी व्यक्ति जितना पैसा लगाता है उसको उसकी रकम का 9 गुना वापस दिया जाता है। शाम 6 बजे फरीदाबाद का नम्बर व शाम 9 बजे गाजियाबाद का नम्बर इन्टरनेट से खुलता है। तब उस आदमी को उसका लगाये हुए पैसों का 9 गुना दे देते है।

# स्वैच्छिक रक्तदान के लिए कराया पंजीकरण

काशीपुर। चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ई-रक्तकोष कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान पंजीकरण कराया गया। रक्तदान जागरूकता रैली सत्येन्द्र चन्द्र गुड़िया मार्ग से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार एवं कोतवाली मार्ग से होते हुए महाविद्यालय पर संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्या डॉ दीपिका गुड़िया आत्रेय, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ वंदना सिंह, डॉ गीता मेहरा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रंजना, डॉ पुष्पा धामा, डॉ मंगला एवं कु सृष्टि आदि उपस्थित थे।

# युवक ने कोतवाली में किया आत्म हत्या का प्रयास

## पुलिस कर्मी की सूझ बूझ से बची युवक की जान

हरिद्वार (उद संवाददाता)। कोतवाली परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने गले में फंदा लगाकर अपनी जान देने की कोशिश की। जिससे हड़कम्प मच गया। मौके पर मौजूद हेड कांस्टेबल की सूझ बूझ से युवक की जान बच गयी। पुलिस के मुताबिक लक्सर कोतवाली क्षेत्र के झीवरहेड़ी गांव निवासी पवन का अपने भाई के साथ झगड़ा हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस पवन को कोतवाली ले आई थी। पवन के नशे में होने के चलते उसे कोतवाली में कुर्सी पर बैठाया गया था। हेड कांस्टेबल शूरवीर तोमर को उसकी निगरानी में लगाया गया था। जब हेड कांस्टेबल उसके लिए खाना लेने मेस चला गया तो इसी बीच पवन ने अपने अंडरवियर की इलास्टिक निकालकर यहां स्थित जाल में बांधकर गले में फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। गर्दन में खींचाव के चलते उसकी हालत बिगड़ गई। जब हेड कांस्टेबल शूरवीर खाना लेकर वापस लौटा तो पवन की हालत देख उसने सूझ बूझ का परिचय देते हुए उसके गले से फंदा निकाला तथा मामले से कोतवाला अमरचंद शर्मा को अवगत कराया। पवन को अर्ध बेहोशी की हालत में पहले लक्सर अस्पताल ले जाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए फिर उसे रुड़की अस्पताल ले जाया गया। यहां से भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत का हवाला देते हुए उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत में सुधार हुआ। कोतवाल अमर चंद शर्मा बताया कि हेड कांस्टेबल शूरवीर तोमर की सूझबूझ के चलते आरोपित पवन की जान बच सकी। मामला भले ही आपसी झगड़े का हो पुलिस कस्टडी में पवन की हालत बिगड़ने पर मामला संवेदनशील हो सकता था।


"हमारा उद्देश्य" "आपकी उन्नति"

**अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि0**

(उत्तर भारत का सबसे बड़ा नगर सहकारी बैंक)

प्रधान कार्यालय- लाला बाजार, अल्मोड़ा।

पूर्णतया सी0बी0एस0, आरटीजीएस, एनईएफटी, एटीएम एवं ई-कॉम सुविधायुक्त

Visit us : www.almoraurbanbank.com E-mail : info@almoraurbanbank.com

ALMORA URBAN CO-OPERATIVE BANK LTD.

**31 मार्च 2023 के आधार पर बैलेंस शीट**

(धनराशि करोड़ में)

| पूंजी एवं दायित्व | 31-03-2023 (') | 31-03-2022 (') | परिसम्पत्तियां | 31-03-2023 (') | 31-03-2022 (') |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. पूंजी | 30.39 | 28.87 | 1. नकद | 50.17 | 50.98 |
| 2. वैधानिक तथा अन्य सुरक्षित कोष | 569.87 | 514.68 | 2. अन्य बैंकों में जमा | 576.06 | 542.81 |
| 3. निक्षेप | 3208.32 | 3,032.88 | 3. विनियोजन (सरकारी प्रतिभूतियों में भा.रि.बैं. के पास) | 1654.32 | 1,679.28 |
| 4. अन्य दायित्व | 65.38 | 62.79 | 4. ऋण एवं अग्रिम | 1532.51 | 1,299.20 |
| 5. शुद्ध लाभ | 30.18 | 16.64 | 5. अन्य परिसम्पत्तियां | 91.08 | 83.57 |
| योग | 3,904.14 | 3,665.84 | योग | 3,904.14 | 3,665.84 |
| आकस्मिक देयताएं | 18.31 | 15.57 | आकस्मिक देयताएं | 18.31 | 15.57 |

**आय-व्यय वित्तीय वर्ष 2022-23**

| व्यय | 31-03-2023 (') | 31-03-2022 (') | आय | 31-03-2023 (') | 31-03-2022 (') |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. निक्षेप व अग्रिम पर प्रदत्त ब्याज | 142.20 | 139.96 | 1. ऋण, अग्रिम व विनियोजन से प्राप्त ब्याज | 277.42 | 260.08 |
| 2. ऑपरेटिंग एक्सपेन्सेज | 81.70 | 80.84 | 2. राजकीय प्रतिभूतियों के प्रीमियम से | 0.00 | 6.08 |
| 3. प्राविधान | 33.10 | 35.22 | 3. कमीशन/एक्सचेंज | 1.70 | 1.31 |
| 4. शुद्ध लाभ | 30.18 | 16.64 | 4. अन्य आय | 8.06 | 5.19 |
| योग | 287.18 | 272.66 | योग | 287.18 | 272.66 |

सी.आर.ए.आर.: 30.04% (आर.बी.आई. द्वारा न्यूनतम अनुमन्य 9.00%) नैट एन.पी.ए.: शून्य

**वास्ते अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड**

सी.ए. महेश चन्द्र जोशी, अध्यक्ष
डॉ0 वसुधा पन्त, उपाध्यक्ष
सी0ए0 दिनेश चन्द्र, संचालक

पी0सी0 तिवारी, प्रबन्ध निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी
बी0एस0 मेहता, महाप्रबन्धक
धीरज पाठक, मुख्य तकनीकी अधिकारी
कमलेश भट्ट, सहा0प्रबन्धक(लेखा)

स्थान - अल्मोड़ा
दिनांक 23.06.2023

वास्ते नवीन उपाध्याय & एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट
पार्टनर नवीन उपाध्याय
M.No. 093781
UDIN: 23093781BGXGRF1521

# उत्तराखंड में पर्यटन, वेलनेस और प्राकृतिक एवं जैविक कृषि के क्षेत्र में असीमित संभावनायें: राज्यपाल

## पर्यटन स्थलों का प्रचार प्रसार और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष बुधवार को राजभवन में उत्तराखंड पर्यटन विभाग और नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों ने पर्यटन विकास हेतु किए जा रहे कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज भी मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन एक वरदान के रूप में है। हमें वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप अवस्थापना सुविधाएं और यहां के पर्यटन स्थलों का विकास करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि अछूते पर्यटन स्थलों को विकसित किए जाने के साथ ही यहां स्थित पर्यटन स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय। हमें पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन, वेलनेस और प्राकृतिक एवं जैविक कृषि के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। वहीं योग और आयुर्वेद के लिए देश और दुनिया के लोग यहां आ रहे हैं। इन सभी को पर्यटन के साथ जोड़ने की जरूरत है। चारधाम, हरिद्वार और ऋषिकेश जैसे आध्यात्मिक तीर्थ स्थलों के साथ-साथ साहसिक पर्यटन की बेहतर संभावनाएं हैं, प्रत्येक व्यक्ति



यहां आने के लिए आतुर है। राज्यपाल ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध औली में स्कीइंग को प्रोत्साहित किए जाने हेतु विशेष प्रयास की जरूरत है। इस दौरान अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर्यटन विकास परिषद युगल किशोर पंत ने पर्यटन विकास से सम्बन्धित प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि कुमाऊं में मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुल 48 मंदिरों में कार्य कराए जाने प्रस्तावित हैं। इसके अंतर्गत पहले चरण में 16 मंदिरों को लिया गया है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा में इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु टोकन सिस्टम प्रारंभ किया गया है और उनकी सुविधाओं के लिए पर्यटन मित्र भी बनाए गए हैं। बताया की इस वर्ष अभी तक चारधाम यात्रा में 41,23,377 श्रद्धालु आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि रोप-वे के माध्यम से भी पर्यटकों को कई स्थानों में सुविधाएं दी जा रही है और कुछ अन्य रोप-वे भी प्रस्तावित हैं। मसूरी में जॉर्ज एवरेस्ट पार्क को विकसित किए जाने की भी कार्यवाही गतिमान है। श्री पंत ने बताया कि पर्यटन विकास परिषद द्वारा लोगों को स्वरोजगार से संम्बन्धित योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना और दीन दयाल होम स्टे योजनाओं में कई लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधाओं सहित अन्य विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक और आध्यात्मिक सर्किट के अंतर्गत उत्तराखंड में शक्ति सर्किट, नवरात्रि सर्किट, शैव सर्किट, वैष्णव सर्किट, विवेकानंद सर्किट आदि को विकसित किए जाने पर कार्य किया जा रहा है। बैठक में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूकाड़ा सी रविशंकर, कर्नल समीर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों के लिये बने पैथोलॉजिकल कलेक्शन सेंटर का एसीएस ने किया शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय स्थित राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय में पैथोलॉजिकल कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ किया। इस सेंटर में सभी आवश्यक मूलभूत पैथोलॉजिकल जाँचें ब्लड, यूरीन, सीबीसी, ब्लड शुगर, किडनी, लीवर, कॉलेस्ट्रोल, थॉयरायड सहित लगभग 270 प्रकार की जाँचें निःशुल्क होंगी। अपर मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री



पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय कार्मिकों के हित में पैथोलॉजिकल कलेक्शन सेन्टर जल्द से जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से राज्य सचिवालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कार्मिकों को कार्यस्थल पर ही आवश्यक चिकित्सा सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी साथ ही उनके समय की भी बचत होगी। एसीएस ने कहा कि सरकार ने अपने कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता दी है और प्रदेशभर में अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे और पहुंच को सरल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इस अवसर पर अपर सचिव डॉ. अमनदीप कौर, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनीता शाह तथा सचिवालय के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे।

# सेल एवं सर्विस सेंटर का उद्घाटन

गढीनेगी/काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा क्षेत्र के गढ़ी नेगी इलाके में जसपुर विधायक आदेश चौहान ,वरिष्ट भाजपा नेता दीपक बाली और काशीपुर हीरो एजेंसी के स्वामी अर्पित मेहरोत्रा एवं श्रीमती बीना मेहरोत्रा ने यहां हीरो कंपनी के सेल एवं सर्विस सेंटर का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। सभी ने इस अवसर पर आयोजित पूजा अर्चना कार्यक्रम में भाग लिया और कहा कि यह सेंटर खुल जाने से अब क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी और उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम के अतिथियों ने सेल एवं सर्विस सेंटर के स्वामी सर्वेश बाटला ,संदेश बाटला और मोहित बाटला को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।



# डेंगू बुखार से युवती की मौत दो दिन बाद होनी थी शादी

देहरादून। देहरादून के विकासनगर में फतेहपुर निवासी एक युवती की संदिग्ध बुखार से मौत हो गई। युवती पिछले एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थी। नाक और कान से रक्तस्त्राव के बाद युवती की हालत बिगड़ने पर उसको उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। युवती की इसी शुक्रवार को शादी होने वाली थी। जानकारी के अनुसार फतेहपुर, हरबर्टपुर निवासी सिमरन (25) पिछले एक सप्ताह से बुखार से ग्रस्त थी। फतेहपुर स्थित निजी क्लीनिक से उसका उपचार चल रहा था, हालांकि उपचार के बाद बुखार, सिरदर्द और बदन दर्द लगातार बना हुआ था। प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सैनी ने बताया कि मंगलवार शाम को सात बजे सिमरन के नाक और कान से खून निकलने लगा और वह बेहोश हो गई। सिमरन की हालत देखकर घबराए हुए परिजन उसको हरबर्टपुर स्थित एक संस्था के अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को नाजुक बताते हुए हायर सेंटर ले जाने के लिए कह दिया। रविंद्र सैनी ने बताया कि परिजन सिमरन को लेकर झाझरा स्थित एक निजी अस्पताल में गए। चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। रात करीब 9.30 बजे सिमरन ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि सिमरन की डेंगू की जांच हुई थी, जिसमें वह पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि जांच रैपिड एंटीजन थी या एलाइजा इसका पता नहीं चल पाया। उन्होंने बताया कि फतेहपुर क्षेत्र में लगातार डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं।



# कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट वॉयस सैंपल लेगी पुलिस

## वायरल वीडियो और ऑडियो की जांच शुरू

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। द्वाराहाट इंजीनिरयरिंग कॉलेज के प्रबंधक से गाली गलौज करने के मामले में द्वाराहाट पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इससे जुड़े वायरल वीडियो और ऑडियो को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है, जिन्हें जल्द ही फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद विधायक का वॉयस सैंपल लिया जाएगा। बीते दिनों द्वाराहाट विधायक मदन सिंह बिष्ट कॉलेज प्रबंधन के घर में घुस गए थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने वहां गाली गलौज की और धमकी दी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ, जिससे सियासी हलचल भी पैदा हो गई। इस मामले में विधायक के खिलाफ द्वाराहाट थाने में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। अचानक विवादों में आए विधायक की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। इसके बाद एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें वह प्रदेश के बड़े नेताओं को भी गाली गलौज करते सुने जा रहे हैं। यह ऑडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बिष्ट के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सभी वीडियो और ऑडियो को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। जल्द ही विधायक का वॉयस सैंपल लेने की प्रक्रिया भी कोर्ट के माध्यम से पूरी की जाएगी। इस मामले में डीआईजी कुमाऊं रेंज डॉ. योगेंद्र सिंह रावत का कहना है कि मुकदमे की विवेचना गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है।



## पेज एक का शेष...

**फैक्ट्री में विस्फोट...**आसपास काम कर रहे कई करीब 15 कर्मचारी घायल हो गए कर्मचारियों द्वारा मामले की जानकारी फैक्ट्री के उच्च अधिकारियों को दी गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने अपनी ओर से पुलिस या स्थानीय प्रशासन को कोई सूचना नहीं दी और घायल कर्मचारियों को भी आसपास के किसी अस्पताल में न ले जाकर सभी कर्मचारियों को मुजफ्फर नगर स्थित अस्पताल में उपचार के लिए भिजवाया। जब इतनी बड़ी संख्या में घायल अस्पताल में पहुंचे तो मामले की जानकारी मुज्जफनगर पुलिस तक पहुंची। इसके बाद मुज्जफरनगर पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा सूचना मंगलौर पुलिस को दी गई। जानकारी के बाद सीओ मंगलौर बहादुर सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ और फायर ब्रिगेड की टीम ने सुबह फैक्ट्री पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मंगलौर कोतवाली प्रभारी महेश जोशी का कहना है कि मुज्जफरनगर कंट्रोल रूम से सूचना आई थी 15 कर्मचारी घायल बताए गए हैं। सभी का उपचार चल रहा है अगर कोई तहरीर देगा तो कार्रवाई जरूर की जायेगी।बताया जा रहा है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने घटना को छुपाने की कोशिश की।

**किच्छा में अतिक्रमण पर ..**पूर्व में बरस चुका है काली मंदिर से लेकर के नगला बाईपास तक का अतिक्रमण उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका के अनुक्रम में लोक निर्माण विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने के संबंध में कार्यवाही प्रशासन द्वारा की जा रही है।प्रशासन पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के अनुक्रम में लोक निर्माण विभाग सहित अन्य कई विभागों की अतिक्रमण भूमि को खाली कराए जाने का जिम्मा बढ़ गया है। इसी क्रम में न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करते हुए उप जिलाधिकारी द्वारा हल्द्वानी रोड पर लोक निर्माण विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण में दो दर्जन से अधिक झोपड़ियां टीन सेड सहित बेनी नदी पर बनाई गई एक पक्की दुकान के अलावा लोग निर्माण विभाग की सीमा में आ रही एक धार्मिक स्थल की दीवार को भी प्रशासन द्वारा हटा दिया गया। यहां पर किसी भी प्रकार का कोई विरोध प्रकट नहीं किया गया। जिससे लोगों द्वारा स्वत ही लोक निर्माण विभाग की भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने का कार्य किया जा रहा है। बेनी नदी से लेकर गडरिया बाग,नगला बाई पास तक लोक निर्माण विभाग के अलावा अन्य विभागों ने लगभग पांच सौ अतिक्रमण चिन्हित किया है। अतिक्रमण हटाओ अभियान में उपजिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्रा, नायब तहसीलदार सुरेश चंद्र बुडला कोटी, अधिशाषी अधिकारी गुरमीत सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद सिंह फर्तियाल, अशोक चौहान, लोक निर्माण विभाग के प्रकाश लाल सहित नगरपालिका के कर्मचारी, और भारी पुलिस बल तैनात था, सामाचार लिखे जाने तक अतिक्रमण तोड़ने की कारवाही जारी थी।

**मध्य प्रदेश और राजस्थान में ...**नागरिक आचार संहिता लागू करने का कार्य अवश्य किया जाएगा। इसके अलावा हमने उत्तराखंड में लैंड जिहाद के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए 483 अवैध मजारों को ध्वस्त कर करीब 33 सौ एकड़ सरकारी जमीन मुक्त करवाई है। साथ ही देवभूमि में जहां एक ओर धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है, वहीं परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए भी भारत का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लिए गए कई निर्णयों को अन्य प्रदेश भी अब अनुसरण कर रहे हैं, और मुझे पूर्ण विश्वास है कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के पश्चात यहां भी सामान नागरिक संहित सहित अन्य ठोस कदम जनता के हित में उठाएं जाएंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आजादी के बाद जिन सरकारों ने इस देश पर राज किया, उन्होंने उत्तराखंड और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों की पहचान को खत्म करने का भरपूर प्रयास किया। कांग्रेस की सरकार ने जो हमें दिया, उसे हम और आप, कभी आपातकाल तो कभी विभिन्न घोटालों के नाम से जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विपक्ष के ये नौसिखिया नेता सनातन को खत्म करने जैसी बेतुकी बातें कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें यह नहीं मालूम कि जब बाबर और औरंगजेब जैसे क्रूर शासक सनातन को खत्म नहीं कर पाए तो फिर ये घमंडिया गठबंधन के घमंडिया नेता क्या चीज हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपील करूंगा कि आज देश के हर कोने-कोने में हर सनातनी को और देश की मिट्टी से प्यार करने वालों को इन ''ठगबंधनों'' से सतर्क रहने की आवश्यकता है और हमें मिलकर ऐसी ताकतों को रोकना है, जो हमारे देश की एकता एवं अखंडता के लिए खतरा है। इसलिये आने वाले चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों को भारी बहुमत से जिता कर ऐसी देश विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाये। बहरहाल मुख्यमंत्री श्री धामी का मध्यप्रदेश और राजस्थान का दौरा भाजपा के लिये काफी मुफीद साबित होता दिख रहा है। उनके रोड शो और जनसभाओं के दौरान वहां की जनता के बीच काफी लोकप्रिय नजर आये। जिसका लाभ आने वाले चुनाव में भाजपा को साफ दिखता नजर आ रहा है। यहां आपको बता दे कि श्री धामी की लोकप्रियता के चलते चुनावी राज्यों मध्य प्रदेश और राजस्थान में 16 विधानसभा क्षेत्रों में सीएम धामी की रैलियों की डिमांड मिली थी। इसमें एमपी के खुरई, हडकल खाती, ढाना आदि क्षेत्रों सहित राजस्थान के कई क्षेत्रों में सीएम धामी जनसभा को संबोधित कर चुके है। श्री धामी ने आज कोटा,राजस्थान पत्रकार वार्ता के दौरान भी कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

**महिलाओं को शसक्त बना रही...**से 25 हजार से अधिक किसानों को जोड़ा गया है। जिसका 95 करोड़ टर्न ओवर है। उत्तराखंड की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या कृषि आधारित है और इनमें मुख्य शक्ति का सबसे बड़ा सहयोग है। उन्होंने कहा महिलाओं को सशक्त करने के लिए पंचायत में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया था, उत्तराखंड में उसे बढ़ाकर 50% किया है। कृषि विभाग द्वारा आत्मा योजना के तहत महिला समूह को प्रतिवर्ष प्रशिक्षण दिया जाता है पर्वत का क्षेत्र में मशीनीकरण को बढ़ावा दिए जाने के लिए महिला किसानों को लाभ मिलेगा। इस दौरान मंत्री ने श्री अन्न के लाभ और उसके महत्व के बारे में भी जानकारी दी। मंत्री ने कहा कृषि विकास में, विशेषकर फसल उत्पादन, पशुधन, बागवानी, कटाई के बाद के कार्य, कृषि/सामाजिक वानिकी, मत्सय पालन आदि में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विभिन्न कृषि जनगणनाओं के दौरान देश में कृषि क्षेत्र के संचालन और प्रबंधन में महिला परिचालन धारकों का बढ़ता प्रतिशत महिलाओं की अधिक भागीदारी का संकेत देता है। कृषि क्षेत्र में स्व-रोजगार, अवैतनिक सहायता या मजदूरी श्रमिक के रूप में काम करने वाली महिलाओं का अनुपात अधिक है। विश्व स्तर पर, अनुभवजन्य साक्ष्य हैं कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थानीय कृषि-जैव विविधता के संरक्षण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका है। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में लगी महिला समूहों के स्टॉलो का अवलोकन भी किया। इस अवसर राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी, अधिशासी निदेशक आर.डी. पालीवाल, राष्ट्रीय महिला आयोग समन्वयक सर्वेश पांडे, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, ऊमा जोशी सहित प्रदेश से आयी हुई महिलाएँ मौजूद रहे।

**सरकारी अस्पताल की बदहाली...**ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किये जा चुके हैं लेकिन प्रदेश सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि पूरी तरह खामोश है। इससे स्पष्ट है कि सरकार और सत्ता पक्ष के स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मिली भगत है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर यहां स्टाफ द्वारा मरीजों एवं उनके तीमारदारों के साथ अभद्रता की जा रही है तो वहीं उपचार के लिए आने वाले मरीजों को उपचार न देकर उन्हें रेफर किया जा रहा है तथा डिलीवरी के दौरान भी स्टाफ द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब यह सब कुछ सहन नहीं किया जाएगा यदि इस अस्पताल को सरकार ने पीपीपी मोड से शीघ्र नहीं हटाया तो उग्र आंदोलन जनता के साथ मिलकर किया जाएगा।

**जमाकर्ताओं की डूबी..**लिए राष्ट्रीय जप तप परिवार संगठन पूरे देश में यात्रा का आयोजन कर रहा है। यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। ज्ञापन में अविलम्ब कानून का अनुपालन कर डूबी हुई रकम वापस दिलाने की मांग की गयी है। प्रदर्शन में जिला संयोजक ओ एस भास्कर, भजन सिंह, राकिब, तौफीक अहमद, नसीम अली आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'महिला आरक्षण' पर मातृशक्ति के 'मन की बात'

## लोकसभा में पास हुआ महिला आरक्षण विधेयक पर कैसे बदलेंगे धरातल के हालात?

■ **अर्श**

रूद्रपुर। तकरीबन सात घंटे की गरमा गरम बहस एवं आरोप-प्रत्यारोप के दौर के बाद लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम अंतत: दो तिहाई बहुमत के साथ पास कर दिया गया। महिला आरक्षण बिल के पक्ष में 454 वोट और विपक्ष में केवल दो वोट पड़े। महिला आरक्षण बिल पर वोटिंग के पहले 60 लोकसभा सांसदों ने इस विधेयक पर हुई चर्चा में हिस्सा लिया। विपक्षी सांसदों ने चर्चा के दौरान उपरोक्त महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी एवं मुस्लिम महिलाओं को भी आरक्षण दिए जाने की मांग की। अब यह बिल राज्यसभा में पेश किया जाएगा तथा उच्च सदन से पास होने के बाद यह बिल राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए जाएगा और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। महिला आरक्षण बिल लोकसभा से पारित होने के बाद जहां महिलाओं में खुशी की लहर है ,वही इसके व्यावहारिक अमल में विलंब को लेकर संशय भी है। आधी आबादी के इसी उहापोह को समझने के लिए 'उत्तरांचल दर्पण' ने बीते रोज रुद्रपुर की मातृ शक्ति से विस्तृत बातचीत की। चर्चा के दौरान मातृशक्ति ने अपने मन की बात खुलकर सामने रखी।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही **'बीना मेहरा'** ने लोकसभा से पारित महिला आरक्षण विधायक पर संतोष तो जाहिर किया, लेकिन उन्होंने इस बात की आवश्यकता भी प्रतिपादित की कि अब समाज में ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश होनी चाहिए जिससे महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित हो सके। अन्यथा, देश की राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का यह प्रयास अपने वास्तविक लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाएगा।

दूसरी ओर शहर के एक प्रख्यात शिक्षण संस्थान का प्रबंध देख रही **'ऊषा सक्सेना'** का मानना था कि महिलाओं को लोकसभा एवं विधान मंडल में 33% आरक्षण दिए जाने से महिलाओं में राजनीतिक चेतना का विकास तो होगा ही, साथ ही उनकी सामाजिक स्थिति भी दिनों दिन बेहतर होगी। महिला आरक्षण की पहल में विलंब के प्रश्न पर उनका कहना था कि समाज पर व्यापक प्रभाव डालने वाली किसी व्यवस्था को लागू करने में समय तो लगता ही है ।जब सरकार को लगा कि आरक्षण विधेयक लाने का यह उपयुक्त समय है ,तब सरकार विधायक लेकर आई है। यह सरकार का स्वागत योग्य कदम है और इसका लाभ सरकार को आम चुनाव में निश्चित ही मिलेगा।

इसके अतिरिक्त नगर के एक शॉपिंग कंपलेक्स का प्रबंध संभाल रही **'कल्पना मेहरा'** के अनुसार महिलाओं की राजनीति में उपरोक्त भागीदारी काफी पहले ही सुनिश्चित कर दी जानी चाहिए थी, मगर समाज की पुरुष प्रधान मानसिकता इस विधेयक की राह में अनेक अवरोध पैदा करती आई है ।बेहतर होता कि इसे आगामी आम चुनाव में ही प्रभावी कर दिया जाता। काफी इंतजार के बाद तो यह विधेयक लोकसभा से पारित हो पाया है । इसको अमली जामा पहनाए जाने में इतने सारे किंतु परंतु महिलाओं के मन में कई तरह के संशय पैदा करने वाले हैं।

उधर हाउसवाइफ **'जूही सक्सेना'** ने महिला आरक्षण विधेयक के लोकसभा से पारित होने पर खुशी जाहिर करते हुए इसका पूरा श्रेय देश के प्रधानमंत्री को दिया । उनके अनुसार महिला आरक्षण मोदी सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है जो महिलाओं के भीतर राजनीतिक समझ, कौशल तथा आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक होगा ।यह पहल तो काफी पहले हो जानी चाहिए थी परंतु दुर्भाग्यवश अब से पहले के सियासत दार इस पहल के साथ पूर्ण प्रतिबद्धता और पूरे मन के साथ खड़े नहीं हो सके।

बात समाज सेवा की क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं की करें तो समाजसेवी **'शैली बंसल'** ने भी महिला आरक्षण का सारा क्रेडिट देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। उनके अनुसार प्रधानमंत्री समाज के सबसे कमजोर तबके को ध्यान में रखकर तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं ध रातल पर उतरते हैं ।महिला आरक्षण भी प्रधानमंत्री की इसी सोच का नतीजा है ।यह बिल महिला सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगा ,क्योंकि इस बिल में लोकसभा और विधानसभा में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। इसलिए अब लोकसभा और विधानसभा में हर तीसरी सदस्य महिला होगी।लोकसभा में इस समय 82 महिला सदस्य हैं। इस बिल के कानून बनने के बाद लोकसभा में महिला सदस्यों के लिए 181 सीटें महिलाएं के लिए रिजर्व हो जाएंगी।

वहीं समाजसेवी **'कल्पना सक्सेना'** के अनुसार 27 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद यह मौका आया है और यह केवल और केवल देश के प्रधानमंत्री की देन है। इस विधायक के प्रभाव में आने के बाद हमारे देश में महिलाओं की स्थिति हर प्रकार के कार्य क्षेत्र में सुदृढ़ हो सकेगी। साथ ही ग्रामीण अंचल में निवास करने वाली अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति की महिलाओं को आरक्षण से सामाजिक एवं आर्थिक मजबूती मिलेगी तथा विभिन्न कार्य क्षेत्रों में महिलाओं की संख्या बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारे देश की महिलाओं को एक नई पहचान मिलेगी। मोटे तौर पर देखा जाए तो महिला आरक्षण बल के लोकसभा से पारित होने पर देशभर की महिलाओं में खुशी का माहौल है ,बावजूद इसके यह सवाल अभी भी अपनी जगह मौजूद है कि क्या भारतीय समाज महिला नेतृत्व के लिए तैयार है? क्या धरातल पर हमारे पास 33% महिलाएं ऐसी हैं जो 'नेचुरल लीडरशिप' रखती हैं? यह सच है कि पंचायत और म्युनिसिपैलिटी में लगभग 15 लाख महिला प्रतिनिधि के साथ लगभग 40% हिस्सेदारी महिला प्रतिनिधित्व को जाती है, परंतु वस्तुस्थिति से हम मुँह नहीं मोड़ सकते । हम आज भी इन जगहों पर निर्णायक की भूमिका में पुरुषों को ही देखते हैं। महिला सरपंच या प्रधान की जगह उसके पुरुष रिश्तेदार सारे काम काज निपटाते हैं ।ऐसे में जब तक महिलाओं के हाथ में निर्णय लेने की क्षमता नहीं दी जाएगी तब तक महिला नेतृत्व एक क्षद्म है। हालांकि विधानसभा और लोकसभा स्तर पर 'सरपंचपति' जैसी किसी भूमिका की संभावना और अवसर कम दिखते हैं ,फिर भी यह सवाल तो बनता ही है कि है जिन राजनीतिक पार्टियों ने अपनी कार्य कारिणी में महिलाओं को यथोचित स्थान तक ना दिया हो ,वो इतनी बड़ी संख्या में महिला नेतृत्व कहां से लाएंगी?








